CMYK

आज


महानगर

४

प्रयागराज, बुधवार २८ अक्तूबर, २०२६

नगर निगमकी नजरमें अब भी बाढ़ एक माहसे गंगापथपर अंधेरा

बक्शीबांधसे दशाश्वमेध घाट तक सारी स्ट्रीट लाइट बुझी शामकी चहल-पहलपर सुरक्षाका अभाव, ध्यान नहीं दे रहा नगर निगम



बाढ़ का पानी हटे एक माह से ज्यादा हो गया है लेकिन नगर निगम की नजर में अभी भी गंगापथ(नागवासुकि इंटरलाकिंग रोड) बाढ़ की चपेट में है, जिस कारण बाढ़ के दौरान बुझायी गयी स्ट्रीट लाइट अब तक बुझी है, जिससे स्थानीय लोगों के अलावा शाम की चहल-पहल पर सुरक्षा का अभाव बरकरार है। लोगों का कहना है कि एक माह से गंगापथ पर बाढ़ का पानी हट चुका है लेकिन बुझायी गयी स्ट्रीट लाइट अब तक नगर निगम नहीं जला सका है। लोगों ने महापौर और नगर आयुक्त का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि अविलंब यहां छाये अंधेरे को दूर करने के लिए स्ट्रीट लाइट जलवायें।

बता दें कि २०१९ के कुंभ को देखते हुए बक्शीबांध से दशाश्वमेध घाट तक गंगापथ(नागवासुकि इंटरलाकिंग रोड) का निर्माण कराया गया था। दोनों ओर स्ट्रीट लाइट भी लगायी गयी ताकि शाम होने के बाद यहां छाया अंधेरा दूर हो सके। हर वर्ष बाढ़ की चपेट में गंगापथ के आने से यहां लगी स्ट्रीट लाइट बुझा दी जाती है ताकि किसी को करंट का दंश न झेलना पड़े। इस वर्ष भी बाढ़ को देखते हुए लाइटें बुझा दी गयी। बाढ़ का पानी हट भी गया लेकिन एक माह बाद भी गंगापथ पर अंधेरा छाया हुआ है। शाम के बाद इस रोड पर जाने से लोग कतरा रहे हैं। कछारी इलाका होने के कारण उनमें सुरक्षित होने का अभाव व्याप्त है। इस संबंध में नगर निगम के मुख्य अभियंता(विद्युत) संजय कटियार से सम्पर्क करने की कोशिश की गयी पर उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

ओपेन एयर जिम जानेसे डरते हैं लोग

कुंभ२०१९ के बाद नागवासुकि मंदिर के समीप ओपेन एयर जिम का निर्माण कराया गया था। जिसका फायदा भी मार्निंग एवं इवनिंग वाकरों के साथ स्थानीय लोग भी लेने लगे लेकिन पिछले एक माह से शाम के बाद यहां आने से लोग डर रहे हैं। अंधेरा होने के कारण उनके साथ कहीं कोई अप्रिय घटना न घटित हो जाय। उन्होंने दारागंज पुलिस से भी गुहार लगायी है कि इस रोड पर गश्त बढ़ायें ताकि स्थनीय लोग भी सुरक्षित रहें।

किसान पंचायतके लिए सौंपा ज्ञापन

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संघटन का एक प्रतिनिधि मंडल मांगों के समाधान के लिये मंगलवार को मण्डलायुक्त कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमण्डल ने इस अवसर पर अपर मंडलायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा। इसी क्रम में किसानों ने पुलिस कमिश्नर पीयूष मोर्डिया से मुलाकात की। आगामी ३ नवंबर को होने वाली किसान पंचायत की मंजूरी एवं अन्य जानकारी दी गयी। जिसमें प्रयागराज मंडल के किसानों अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंथन करेंगे। किसानों की समस्या के समाधान के लिए होने वाली किसान पंचायत के लिए जय जीत कौर, शनि शुक्ला जिला अध्यक्ष गोविंद बहादुर सिंह मंडल उपाध्यक्ष, आदित्य वर्मा गंगा पार युवा अध्यक्ष, ज्ञान सिंह पटेल तहसील अध्यक्ष आदि लोग मौजूद रहे। यह जानकारी बबलू दूबे मंडल अध्यक्षने दी।

‘सहजकर संवाद’ २९ को

५७वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए जीएसटी सुधारों एवं सरलीकरण पर विस्तृत परिचर्चा एवं जानकारी प्रदान करने हेतु एक संगोष्ठी ‘सहजकर संवाद’ का आयोजन आगामी २९ अक्तूबर, बृहस्पतिवार को अपराह्न तीन बजे से महाकुंभ हाल, द्वितीय तल, जीएसटी भवन, ३८, महात्मा गांधी मार्गपर किया जायेगा। सहायक आयुक्त, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर, इलाहाबाद हेम नाथ झा ने सभी संबंधित हितधारकों से अनुरोध किया है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर जीएसटी सुधारों एवं सरलीकरण संबंधी निर्णयों की जानकारी प्राप्त करें तथा इस संवाद कार्यक्रम का लाभ उठायें।

सेवानिवृत्त सैन्यकर्मीसे रुपये दोगुना करनेका झांसा देकर ऐंठे ५.५० लाख रुपये

रुपये मांगनेपर मारपीट, कार्यालयमें बंधक बनानेकी धमकी

जमीन देने एवं रुपये दोगुना करने के नाम पर सेवानिवृत्त सैनिक से ५.५० लाख रुपये लेने और वापस न करने का मामला सामने आया है। धूमनगंज के पीपलगांव निवासी पूर्व सैनिक जितेंद्र बहादुर सिंह ने बाल मुकुंद गुप्ता पर धोखाधड़ी करने, गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। अधिकारियों के आदेश पर एयरपोर्ट पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

पीपल गांव निवासी पूर्व सैनिक जितेन्द्र बहादुर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ११ जुलाई २०१९ को बाल मुकुंद गुप्ता ने राम अवधेश सिंह के घर पर तीन लाख रुपये लिए थे। इसके बाद पांच सितंबर २०१९ को चेक से डेढ़ लाख रुपये और तीन अक्टूबर २०२० को एक लाख रुपये दिए गए। इस तरह कुल ५.५० लाख रुपये दिए गए। आरोप है कि बाल मुकुंद ने वर्ष २०२५ में रकम दोगुनी करके लौटाने अथवा उसके बदले जमीन देने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी न रुपये लौटाए और न ही जमीन उपलब्ध कराई। आरोप है कि २७ सितंबर २०२६ को वह अपनी पत्नी के साथ ट्रिपल आइटी मार्ग स्थित बाल मुकुंद के कार्यालय पहुंचे और रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपित ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही कार्यालय में बंधक बनाकर अपने लोगों से पिटवाने की धमकी दी। इससे उन्हें जान-माल का खतरा है। उन्होंने घटना के दिन ही पीपलगांव चौकी में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस आयुक्त से गुहार लगाई। एयरपोर्ट पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

हाटस्टफ चौराहेपर नगर निगम लगायेगा लौहपुरुषकी प्रतिमा

की जा रही तैयारी, १५०वीं जयंती पर ३१ को अनावरणकी संभावना

सिविल लाइंस में सरदार पटेल मार्ग पर स्थित हाटस्टफ चौराहे पर भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की की प्रतिमा नगर निगम लगायेगा। जिसकी तैयारी जोरों पर की जा रही है। संभावना जतायी जा रही है कि ३१ अक्तूबर को उनकी १५०वीं जयंती पर प्रतिमा का अनावरण भी होगा।

दरअसल छत्रपति शिवाजी महाराज जनकल्याण समिति चकनिरातुल, सरदार पटेल सेवा संस्थान अलोपीबाग एवं वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति एवं अन्य सामाजिक संस्थाएं विगत कई वर्षों से सिविल लाइंस सरदार पटेल मार्ग स्थित हाटस्टफ चौराहे पर लौहपुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा लगाने की मांग नगर निगम करता रहा है। महापौर, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई एवं नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने इसकी मंजूरी दी थी। जिसके तहत पिछले तीन दिनों से हाटस्टफ चौराहे पर प्रतिमा लगाने के लिए निर्माण कार्य जारी है। ३१ अक्तूबर को लौहपुरुष की १५०वीं जयंती है, ऐसा माना जा रहा है कि उसी दिन प्रतिमा का अनावरण नगर निगम करेगा। प्रतिमा लगाये जाने पर सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। पूर्व सूबेदार थल सेना कारगिल युद्ध विजेता श्याम सुंदर सिंह पटेल, ,अशोक कुमार पांडे, रामधन सिंह, अमरनाथ सिंह, मानसिंह, विनोद सिंह, लेखराज सिंह, लोकनाथ सिंह, जीपी सिंह, अखिलेश मिश्रा, आईसी तिवारी, बछराज सिंह यादव आदि ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार के साथ विधायक एवं नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

आज मनाया जायेगा १५० दिव्यांग बच्चोंका जन्मोत्सव

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से में बुधवार को जिले १५० दिव्यांग बच्चों के लिए इलाहाबाद संग्रहालय एवं तारामंडल का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया है। इस मौके पर जिन बच्चों का जन्मदिन २८ अक्तूबर को है, उनके लिए दोपहर एक बजे इलाहाबाद संग्रहालय में जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती हर्षिका सिंह, बीएसए अनिल कुमार, डीसी विकास पाण्डेय सहित अन्य लोग शामिल होगे।

समेकित शिक्षा के विकास पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक स्थलों से परिचित कराने के साथ उनके आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना तथा उनके साथ खुशियां साझा कर इस दिन को यादगार बनाना है।

माडल यूनाइटेड नेशंसमें रूस की एस श्रेया बनीं बेस्ट डेलीगेट

इविवि के विधि संकायमें अंतरराष्ट्रीय मुद्दोंपर छात्रोंने किया मंथन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विधि संकाय के पांच वर्षीय बीएएलएलबी विभाग में २६ और २७ अक्टूबर को मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) २०२६ का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के रूप में हिस्सा लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। प्रतियोगिता में तीसरे सेमेस्टर की एस. श्रेया (रूस) को बेस्ट डेलीगेट चुना गया।

विभागाध्यक्ष प्रो. अंशुमान मिश्र ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य छात्रों में कूटनीतिक कौशल, आलोचनात्मक सोच और अंतरराष्ट्रीय मामलों की



समझ विकसित करना था। सातवें सेमेस्टर के छात्र रोनित भाम्बरी और सृजन राय की अध्यक्षता वाले कार्यकारी बोर्ड ने समिति की कार्यवाही का संचालन किया। इस दौरान प्रतिनिधियों के बीच विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। प्रतियोगिता में पांचवें सेमेस्टर की भार्गवी मिश्रा (चीन) को हाई कमेंडेशन प्रदान किया गया। तीसरे सेमेस्टर के अंशुमान सिंह (भारत) और अनन्य शुक्ला (पनामा) को विशेष अनुशंसा मिली। वहीं, दीप शिखा (ईरान), बुलबुल कुमारी (अमेरिका) और हर्षित विश्वकर्मा (लातविया) को वर्बल मेंशन से सम्मानित किया गया। विजेताओं को विभागाध्यक्ष प्रो. अंशुमान मिश्र, कार्यक्रम की सह-समन्वयक डॉ. सोनल शंकर और संयोजिका डॉ. मुक्ता वर्मा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विधि संकाय के शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

फैसलेसे पहले ट्रायल कोर्टको कभी भी अपराधकी धारा जोड़ने या हटानेका है अधिकार

ट्रायल कोर्टका जानलेवा हमलेकी धारा जोड़नेका आदेश बरकरार, इस आदेशकी चुनौती याचिका खारिज

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बस्ती के अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोप में हत्या का प्रयास की धारा जोड़ने के आदेश को सही ठहराते हुए आरोपी राघवेंद्र प्रताप सिंह की याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने यह आदेश दिया। थाना गौर, जिला बस्ती में १९ मई २०२१ को एफआईआर दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता के अनुसार १६ मई २०२१ की शाम करीब ७ बजे सिकरी चौराहे पर सब्जी खरीदते समय राजनीतिक रंजिश रखने वाले आरोपियों ने गाली-गलौज और धमकी दी। बाद में घर लौटते समय राम नरेश के घर के पास आरोपियों ने उसे पकड़कर लाठी-डंडों से पीटा। आरोप है कि आवेदक राघवेंद्र ने हाथ में तमंचा लेकर फायर किया। बचाने आए मनोज शर्मा को भी पीटा गया।विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया, लेकिन २ अगस्त २०२१ को पांच आरोपियों को केवल धारा १४७, ३२३, ५०४ और ५०६ घ्ड्ण में तलब किया गया, जबकि धारा ३०७जानलेवा हमला छूट गई। शिकायतकर्ता ने ८ अगस्त २०२२ को धारा २१६ सी आर पी सी के तहत आरोप में धारा ३०७ जोड़ने का आवेदन दिया, जिसे ८ सितंबर २०२२ को यह कहकर खारिज कर दिया गया कि वह समय से पहले है। २२ सितंबर २०२२ को आरोप तय हुए और ट्रायल शुरू हुआ।ट्रायल अदालत ने बयान दर्ज करने के बाद ४ जून २०२६ को इसे स्वीकार करते हुए धारा ३०७ जोड़ दी। इसी आदेश को चुनौती दी गई है।याची के अधिवक्ता अमित सिंह ने कहा कि आदेश अवैध, मनमाना और बिना विवेक के पारित है। उनका तर्क था कि पहले खारिज हो चुके आवेदन को बिना किसी नए तथ्य या साक्ष्य के मंजूर कर लिया गया और उपलब्ध सामग्री से जानलेवा हमले का अपराध बनता ही नहीं। राज्य की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता पवन श्रीवास्तव और शिकायतकर्ता के अधिवक्ता अखिलेश कुमार मिश्र ने अदालत के आदेश का समर्थन किया। उन्होंने गवाहों के बयान का सहारा लिया। पिस्तौल की गोली से चोट लगी है।कोर्ट ने कहा कि धारा २१६ सी आर पी सी न्यायालय को फैसला सुनाए जाने से पहले किसी भी समय आरोप बदलने या जोड़ने की व्यापक शक्ति देती है। विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या धारा ३०७ जानलेवा हमला के आरोप का समर्थन करने वाला साक्ष्य मौजूद है। डॉक्टर ने चोट को आग्नेयास्त्र से बताया और घायल बबलू ने भी गोली लगने की बात कही है, इसलिए प्रथम दृष्टया साक्ष्य उपलब्ध है। दूसरे आवेदन की पोषणीयता पर कोर्ट ने कहा कि यह इस पर निर्भर है कि फैसला सुनाए जाने से पहले की अवस्था में शक्ति उपलब्ध है या नहीं, और ऐसी शक्ति निर्णय से पूर्व तक न्यायालय के पास रहती है। कोर्ट ने माना कि ४ जून २०२६ का आदेश न तो अवैध है और न ही विकृत इसलिए हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है। आवेदन खारिज कर दिया गया।कोर्ट ने कहा ट्रायल के दौरान आए साक्ष्य के आधार पर, पहले आवेदन खारिज होने के बावजूद, फैसले से पहले कभी भी आरोप बढ़ाया जा सकता है।

कन्नौजमें कैंसर और हार्ट हास्पिटल अब तक शुरू नहीं, लाखोंका बजट

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज, कन्नौज में कैंसर और कार्डियोलाजी हास्पिटल को आपरेशनल करने के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार से ३०नवंबर तक जवाब मांगा है।शौर्य दीप की जनहित याचिका पर मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। याची का कहना है कि इससे पहले दाखिल याचिका की सुनवाई के दौरान जारी गाइडलाइन के अनुसार बताया गया कि कैंसर हॉस्पिटल का निरीक्षण हो चुका है, रिपोर्ट की जांच की जा रही है ।इस वित्तीय वर्ष के लिए कंस्ट्रक्शन बजट हार्ट हास्पिटल के लिए ६०७ लाख और कैंसर हॉस्पिटल के लिए ६०७ लाख स्वीकृत किया गया है।इसपर याचिका निस्तारित कर दी गई थी।फिर जनहित याचिका दायर की गई है।याची के अधिवक्ता ने कहा एक साल से ज्यादा समय बीत गया, राज्य ने अपने ही दिए गए आश्वासन के अनुसार भी कोई जरूरी कदम नहीं उठाया।

डंडिया नाला निर्माण कार्यको टेण्डरसे हटानेका विरोध

डंडिया नाला निर्माण कार्य को टेण्डर से हटाने का विरोध करते हुए मंगलवार को वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह और आनंद घिल्ड़ियाल ने नगर आयुक्त सीलम सांई तेजा को ज्ञापन सौंपा।

पार्षदों ने बताया कि डंडिया अल्लापुर नाला को जलभराव से नागरिकों को राहत देने के लिए तीन करोड़ रूपया का ब्ययनुमान से नाला बनाने के लिए जुलाई में १५ वां वित्त से पासकर टेंडर निकाला गया और फिर उसे नौ अक्तूबर को पुनः टेंडर से डंडियां नाला को हटा दिया गया। नगर आयुक्त को बताया कि यदि डंडिया नाला के ओवरफ्लो से जलभराव होता है इसलिए डंडियां नाला का ओवरफ्लो रोकने के लिए डंडिया नाला की क्षमता बढ़ाते हुए निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो अगली बरसात में पुनः अल्लापुर क्षेत्र में बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम, डंडिया, शिव नगर, सर्वोदय नगर, रामानंद नगर, सोहबतियाबाग में जलभराव होना निश्चित है। इसलिए शीघ्र पुनः टेंडर निकालकर डंडिया नाला को बनवाये। इस पर नगर आयुक्त ने उपरोक्त स्थल का निरीक्षण कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

परिवहन निगमका सड़क सुरक्षापर फोकस

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की साप्ताहिक संचालन समीक्षा बैठक हुई। मंगलवार को प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह की अध्यक्षता में यूपीएसआरटीसी मुख्यालय से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। जिसमें प्रयागराज के क्षेत्रीय प्रबंधक रवीन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी जुड़े रहे। इस बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही परिवहन निगम में लोड फैक्टर, बस उपयोगिता, आय प्रति बस प्रतिदिन और ईंधन औसत में वृद्धि करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस बैठक में अपर प्रबंध निदेशक डा. बिपिन कुमार मिश्रा, वित्त नियंत्रक सतीश कुमार सिंह सहित मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंन्सिग में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जयकरन प्रसाद, रामदास सोनकर आदि शामिल रहे।

कार्यकर्ता एकजुट होकर विपक्षी दलोंको दें करारा जवाब- रमेश

भाजपा चारको निकालेगी पदयात्रा, प्रदेश उपाध्यक्षने की तैयारियोंकी समीक्षा

भारतीय जनता पार्टी की ओर से आगामी ४ नवंबर को ‘लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ’ का संदेश लेकर विशाल पदयात्रा निकाली जायेगी। पदयात्रा में भाजपा काशी क्षेत्र के प्रयागराज महानगर ,गंगापार, यमुनापार सहित कौशाम्बी, मिर्जापुर, भदोही, प्रतापगढ़ जिले के लोग कार्यकर्ता छात्र सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने और विपक्षी दलों को करारा जवाब देने की अपील की है।

भाजपा कार्यालय में मंगलवार को पदयात्रा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर काशी क्षेत्र व जिला पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं काशी क्षेत्र प्रभारी रमेश सिंह ने कहा कि विपक्ष के लोग लगातार निराधार और फर्जी अफवाहें फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।केवल २००० की भीड़ लेकर दिल्ली में उपद्रव



कर रहे हैं। उन्हें बताना है कि हर जगह से हमारे कार्यकर्ता निकल रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि वे एकजुट होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं जिससे लोगों को ये पता चल सके कि विपक्ष केवल अफवाह फैला रहा है।

कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने बताया कि पदयात्रा में ३०,००० से अधिक लोगों के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है होंगे। पदयात्रा में वक्ता, डॉक्टर, समाजसेवी, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। पदयात्रा दोपहर १२ बजे धरना स्थल(पत्थर गिरिजाघर) से शुरू होकर शहीद वाल तक निकाली जाएगी। जहां पदयात्रा का समापन होगा।

बैठक में प्रयागराज महानगर प्रभारी राकेश त्रिवेदी, गंगापार प्रभारी अशोक कुमार मिश्रा, यमुनापार प्रभारी अनिल सिंह, काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ल, कविता पटेल, महापौर, सांसद प्रवीण पटेल, सांसद राधाकांत ओझा, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी, डा. केपी श्रीवास्तव, कविता पटेल, अनीता त्रिपाठी, अमरनाथ यादव, रमेश पासी, डा. शैलेश पांडेय, अनिल केसरवानी, महानगर मीडिया विभाग विवेक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

एक नवम्बरको निकलेगी भगवान श्रीचित्रगुप्त की शोभायात्रा

केपी कालेज मैदान स्थित मेजर रंजीत सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से एक नवंबर की सुबह करीब साढ़े दस बजे भगवान श्री चित्रगुप्त की शोभायात्रा निकाली जायेगी। हालांकि अभी यह कार्यक्रम प्रस्तावित है।

कार्यक्रम के तहत जिला कचहरी और उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं की टीम बनायी गयी है। इस कार्यक्रम का मीडिया प्रभारी सुमित श्रीवास्तव को बनाया गया है। शोभायात्रा के लिए चौधरी कौशलेंद्र नाथ सिंह प्रशासन से अनुमति लेंगे।

यात्रा बाइक एवं कार से निकलेगी। मीडिया प्रभारी के अनुसार यह भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की शोभा यात्रा है, इसलिए इसमें न कोई सभापति, न कोई मुख्य अतिथि, न कोई विशिष्ट अतिथि और न कोई आयोजक है। समाज का हर व्यक्ति इस यात्रा का आयोजक है।

चुनार स्टेशनपर एनडीआरएफ और रेलवेने की संयुक्त माकड्रिल

प्रयागराज मंडल के चुनार जंक्शन रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की ११वीं बटालियन एवं रेलवे द्वारा आज फुल स्केल संयुक्त माक ड्रिल किया गया। इस संयुक्त माक ड्रिल में रेलवे के विभिन्न विभागों की टीमें, सिविल डिफेंस, स्काउट एवं गाइड, एआरटी-प्रयागराज, एसपीएआरएमवी, प्रयागराज तथा मेडिकल टीम के साथ चुनार के जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन एवं चिकित्सा विभाग ने समन्वित रूप से भाग लिया।

संयुक्त माक ड्रिल के दौरान गाड़ी संख्या ००१२३ दीनदयाल उपाध्याय नगर-प्रयागराज पैसेंजर के अवपथन तथा कोच संख्या एस-१ में आग लगने की काल्पनिक स्थिति तैयार की गयी। इस दौरान ट्रेन मैनेजर एवं लोको पायलट द्वारा स्टेशन अधीक्षक-चुनार जंक्शन सहित संबंधित अधिकारियों एवं कंट्रोल को सूचना दी गयी। आग लगने की सूचना मिलते ही रेलवे, अग्निशमन, पुलिस प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग की टीमें सक्रिय हो गयीं। रेलवे एवं अग्निशमन कर्मियों ने संयुक्त प्रयास से आग पर तत्काल काबू पाया।

एनडीआरएफ की टीम ने त्वरित काररवाई करते हुए कोच की खिड़की एवं छत को काटकर प्रवेश मार्ग बनाया और रोपवे की सहायता से घायल एवं बेहोश यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। संयुक्त माक ड्रिल में दुर्घटना के समय टिकट निरीक्षक, ट्रेन मैनेजर, लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट, कोच अटेंडेंट, मैकेनिक, स्टेशन स्टाफ तथा अन्य रेल कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली त्वरित कार्रवाई का भी अभ्यास किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के बीच सूचना के आदान-प्रदान, राहत एवं बचाव कार्यों तथा आपातकालीन संसाधनों के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। इस संयुक्त माक ड्रिल में एनडीआरएफ/वाराणसी की टीम का नेतृत्व सहायक कमांडेंट, एनडीआरएफ, आशीष चौहान ने किया। एनडीआरएफ की टीम के ३७ कर्मियों ने भाग लिया। अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), एम. एम. वारिस, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, ओ. पी. सिंह; वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, यू. सी. शुक्ला तथा सहायक कमांडेंट-एनडीआरएफ, आशीष चौहान उपस्थित रहे।

उमरे का व्यापक पेंशनभोगी सेवा कार्यक्रम एक नवम्बरसे

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में उत्तर मध्य रेलवे एक नवम्बर से ३० नवम्बर तक पूरे क्षेत्र में ‘राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान ५.०’ का आयोजन करने जा रहा है। इस महीने भर चलने वाले अभियान का मुख्य उद्देश्य रेलवे पेंशनभोगियों का डिजिटलीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण करना तथा जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को अत्यंत सुलभ एवं परेशानी मुक्त बनाना है।

इस अभियान के तहत उत्तर मध्य रेलवे द्वारा पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए विभिन्न नागरिक-केंद्रित गतिविधियों और सुविधाओं का खाका तैयार किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्टेशनों, रेल कारखानों और प्रमुख रेल परिसरों में समर्पित जीवन प्रमाण पत्र शिविर आयोजित किए जायेंगे। प्रयागराज में एक भव्य ‘मेगा डीएलसी शिविर’ आयोजित किया जाएगा। पेंशनभोगियों को उनके घर के समीप या नजदीकी शाखाओं में आसानी से सुविधा प्रदान करने के लिए प्रमुख बैंकों और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के साथ मिलकर संयुक्त शिविर लगाए जाएंगे। अति-वरिष्ठ (८० वर्ष) पेंशनभोगियों के लिए ‘होम विजिट’ सुविधा होगी। उनके लिए विशेष रूप से घर पर जाकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था की जाएगी। फेस आर्थेटिकेशन तकनीक को बढ़ावा दिया जायेगा। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, यूएमआईडी कार्ड एवं एचआरएमएस सहायता, सहायता डेस्क एवं शिकायत निवारण की व्यवस्था होगी। पेंशनभोगी संघों और आवासीय कल्याण समितियों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही ९० वर्ष से अधिक आयु के अति-वरिष्ठ पेंशनभोगियों की प्रेरणादायक सफलता गाथाओं का डिजिटल मीडिया और पोर्टल पर प्रसार किया जाएगा।

दीपावली और छठपर चलेंगी कई विशेष ट्रेनें

भारतीय रेलवे द्वारा दीपावली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को प्रबंधित करने तथा उनके सुगम एवं आरामदायक आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए कई विशेष (स्पेशल) ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे प्रशासन द्वारा कई विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या ०१४४१ पुणे-दानापुर विशेष ट्रेन-पुणे से रविवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार को एक नवंबर से १३ नवंब तक कुल नौ फेरे और गाड़ी संख्या ०१४४२ दानापुर-हडपसर विशेष ट्रेन-दानापुर से मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार, सोमवार को तीन नवंबर से १५ नवंबर २०२६ तक कुल नौ फेरे लगायेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या ०९७११ खातीपुरा-कामाख्या विशेष ट्रेन-प्रत्येक गुरुवार को खातीपुरा से २९ अक्टूबर से २६ नवंबर तक कुल पांच फेरे और गाड़ी संख्या ०९७१२ कामाख्या-खातीपुरा विशेष ट्रेन-प्रत्येक शनिवार को कामाख्या से ३१ अक्टूबर से २८ नवंबर तक कुल पांच फेरे लगायेगी।

तेजीसे करवट ले रहा मौसम, बारिशके आसार

मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बने प्रचण्ड चक्रवाती तूफान ‘अर्नब’ के असर से २८ अक्टूबर से मौसम बदलना शुरू होगा। २९ और ३० अक्तूबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में गरज-चमक, ४० से ५० किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और बेमौसम बारिश की सम्भावना जतायी गयी है। इस दौरान अधिकतम तापमान में ५ से ८ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है।

अक्तूबर के अंतिम सप्ताह में मौसम तेजी से करवट ले रहा है। जनपद में रात का तापमान करीब १९ डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। सुबह ओस पड़ने और हल्के कोहरे जैसी स्थिति बनने से ठण्डक बढ़ गयी है। दिन में हल्की धूप रहने के बावजूद वातावरण में नमी और स्माग के कारण गर्मी का असर कम महसूस हो रहा है। सुबह और शाम लोगों को हल्की सर्दी का एहसास होने लगा है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान तेजी से अति प्रचण्ड चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इसी मौसम तंत्र के प्रभाव से उत्तर प्रदेश का मौसम भी बदलने लगेगा। पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश में २९ और ३० अक्टूबर के दौरान व्यापक बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं की सम्भावना जतायी गयी है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज अधिकतम तापमान ३३.८ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान १९.६ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभागके पूर्वानुमान के मुताबिक २८ अक्तूबर बुधवार को आसमान में आमतौर पर बादल छाये रहेंगे और बीच-बीच में हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

अक्षयवट एवं महावीर मार्गके बीच भूमि समतलीकरण तेज

मेला प्रशासनके निर्देशपर बिजलीके खम्भे लगानेका काम भी शुरू



माघ मेला-२०२७ की तैयारियों में जुटे मेला प्रशासन ने अक्षयवट एवं महावीर मार्ग के बीच भूमि समतलीकरण के काम को तेज करा दिया है। पक्के स्नान घाटों पर सफाई एवं डीप वाटर बैरीकेडिंग करा दी गयी है। साथ ही अक्षयवट एवं महावीर मार्ग का चिन्हांकन होने के बाद बिजली विभाग ने बिजली के खम्भे लगाने का काम भी शुरू करा दिया है।

उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ला ने मंगलवार को संगम क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने अक्षयवट एवं महावीर मार्ग के आसपास कराये जा रहे भूमि समतलीकरण के काम को देखा। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अक्षयवट एवं महावीर मार्ग का चिन्हांकन हो गया है इसलिए तत्काल खम्भे लगाकर बिजली प्रकाश की व्यवस्था करायी जाय। निर्देश पर तुरन्त अमल करते हुए बिजली विभाग ने इन दोनों सड़कों पर बिजली के खम्भे लगाने का काम मंगलवार से शुरू करा दिया। श्री शुक्ला ने जल निगम के अधिकारियोंको स्नान घाट पर पानी के टैंकर की व्यवस्था भी कराने का निर्देश दिया है। साथ ही छठ पूजा से पहले नलों में कनेक्शन देकर पानी व्यवस्था कराने के लिए कहा है। माघ मेला के साथ ही मेला प्रशासन कार्तिक स्नान एवं छठ पूजा की तैयारियों में जुटा हुआ है। तहसीलदार इन्दु भूषण शर्मा, लेखपाल संदीप प्रजापति एवं अजीत के देखरेख में आज भी पक्के किलाघाट, वीआईपी रैम्प एवं यमुना पट्टी की रिवर फ्रन्ट रोड की सफाई करायी गयी और सड़क तथा घाट से निकली मिट्टी को आसपास लगे वृक्षों की जड़ में डालने का काम कराया गया। पक्के घाटों पर नाप कराकर डीप वाटर बैरीकेडिंग करा दी गयी है ताकि कार्तिक स्नान करने वालों में परेशानी न हो।

अजय-प्रदेश संघटन मंत्री और संगीता बनीं जिलाध्यक्ष

विश्व सनातन चेतना महासभा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण उपाध्यक्ष शिवा हिन्दू, के निर्देश पर कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश केसरवानी ने अजय कुमार सिंह को प्रदेश संघटन मंत्री और संगीता तिवारी को जिलाध्यक्ष महिला सभा के पद की घोषणा किया है।

अजय कुमार सिंह प्रदेश संगठन मंत्री एवं संगीता तिवारी को जिलाध्यक्ष बनाने पर विश्व सनातन चेतना महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों ने उनको बधाई दिया है। बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से रीता राय,अनीता पटेल,रेखा जायसवाल,सुनीता साहू, अनीता जायसवाल, पिंकी जायसवाल,अजय सिंह, आकाश सिंह, अनिल वर्मा, दिनेश कुमार, सतीश सक्सेना, अरूण वार्म, प्रभाकर सिंह, अमित सोनकर आदि शामिल रहे।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी	: सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर	: बैंक रोड
कानपुर	: बांसमण्डी
लखनऊ	: १, जापलिंग रोड
आगरा	: महात्मा गांधी रोड
बरेली	: रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना	: फ्रेजर रोड
रांची	: नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर	: कालीमाटी रोड
धनबाद	: कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६३)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।